तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 जून 2026

14 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य ...



13 ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का समापन : 400 से अधिक ...





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793,9340311314
9303893829,9300850065
अंतिम तिथि-15/06/26

# सीएम हेल्पलाइन 1076 शुरू, अब शिकायतों का होगा त्वरित व समयबद्ध समाधान

## टोल फ्री नंबर 1076 पर 24 घंटे दर्ज करा सकेंगे शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ फोन, व्हाट्सऐप, पोर्टल और मोबाइल ऐप से मिलेगी सुविधा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रदेश के नागरिकों को शासकीय सेवाओं तक सरल पहुंच और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा सीएम हेल्पलाइन 1076 प्रारंभ कर दी गई है। इसका उद्देश्य नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने, शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत, सुलभ और विश्वसनीय मंच प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि सीएम हेल्पलाइन एक केंद्रीकृत और तकनीक आधारित शिकायत निवारण प्रणाली है, जिसके माध्यम से नागरिक फोन, व्हाट्सऐप, वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप और लिखित आवेदन के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। प्रत्येक शिकायत को एक विशिष्ट टोकन नंबर प्रदान किया जाएगा, जिससे उसकी रियल–टाइम ट्रैकिंग संभव होगी। शिकायतों के समाधान के लिए चार स्तरीय तंत्र विकसित किया गया है। इसमें एल–1 पर ब्लॉक स्तर, एल–2 पर जिला स्तर, एल–3 पर संभागीय अथवा निदेशालय स्तर तथा एल–4 पर सचिव स्तर पर शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। निर्धारित समयसीमा में समाधान नहीं होने की स्थिति में शिकायत स्वतः अगले स्तर पर प्रेषित हो जाएगी। सीएम हेल्पलाइन कॉल सेंटर वर्ष के 365 दिन, सप्ताह के सातों दिन और 24 घंटे संचालित रहेगा।



### लिखित आवेदन भी दे सकेंगे

नागरिक टोल फ्री नंबर 1076 पर कॉल कर, ऑनलाइन पोर्टल, व्हाट्सऐप या लिखित आवेदन के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे तथा उसकी स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह प्रणाली राज्य में पारदर्शी, जवाबदेह और जनकेंद्रित प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सुशासन को मजबूत करने और आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लगातार कार्य कर रही है।



## खबर संक्षेप

### अवैध रेत भंडारण के 6 मामलों में सामग्री जब्त



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा 10 जून को गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सिकोसा, रेंगाकठेरा, चन्दनबिहरी, देवरी ख का औचक निरीक्षण किया गया। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग द्वारा निरीक्षण के दौरान रेत के अवैध भण्डारण के 06 मामलों में खनिज रेत को जप्त कर ग्राम पंचायत एवं कोटवार को सुपुर्द किया गया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी खनिज जांच दल द्वारा खनिज के अवैध परिवहन, उत्खनन व भण्डारणकर्ताओं के विरूध्द निरंतर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### आठ वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफतार

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक मुख्यालय के एक ग्राम में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। नानी के घर आई एक आठ वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया गया है। घटना मंगलवार दोपहर लगभग तीन बजे की बताई जा रही है। आरोप है कि गांव का ही करीब 45 वर्षीय व्यक्ति बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ गलत हरकत की। तबीयत बिगड़ने पर बच्ची ने अपनी सहेलियों को जानकारी दी। इसके बाद बात परिजनों तक पहुंची। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी के साथ मारपीट भी की। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। बच्ची के माता-पिता दूसरे गांव में रहते हैं। उन्हें सूचना देकर बुलाया गया। परिजनों की शिकायत पर थाने में मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### बीएसपी से कॉपर पार, गिरफ्तार

**भिलाई।** बीएसपी में घुसकर कॉपर चोरी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई ने पुलिस में शिकायत किया कि ओएचबी जंक्शन 2-3 प्रोजेक्ट स्टोर के पीछे स्थित से 65-65 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर तार के दो बंडल कुल 130 किलोग्राम चोरी हो गया है। पुलिस मामले को लेकर जांच में जुट गई। जांच में डाक बंगला उत्कल चौक पुरैना निवासी आरोपी सुनील कुमार को संदेह के रुप में हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर अपने अन्य साथी उमेश बाग,यमन उर्फ अमन बेहरा, संदीप कुमार के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 130 किलो ग्राम स्क्रैब कॉपर तार बंडल जब्त किया गया। उक्त सामान की कीमत 97 हजार 500 रुपये आंकी गई है।

## कार्रवाई : भेड़ी तिराहा में नाकाबंदी कर पुलिस ने पकड़ा तस्करों का गिरोह

# 72 किलो से अधिक गांजा के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार, 40 लाख से ज्यादा का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

■ प्लास्टिक टब के अंदर छिपाकर की जा रही थी गांजे की तस्करी

जिले के डौण्डीलोहारा थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 72.621 किलोग्राम गांजा जब्त किया। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया, जबकि एक विधि से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजा, चार मोटरसाइकिल और चार मोबाइल फोन सहित कुल 40 लाख 52 हजार 50 रुपये का सामान जब्त किया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 जून 2026 को मोबाइल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि उड़ीसा से गांजा लेकर छह लोग चार मोटरसाइकिलों में सवार होकर मध्यप्रदेश की ओर जा रहे हैं। सूचना में बताया गया था कि एक मोटरसाइकिल आगे और एक पीछे चल रही है, जबकि बीच की दो मोटरसाइकिलों में गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर डौण्डीलोहारा थाना पुलिस और साइबर सेल की टीम ने ग्राम भेड़ी तिराहा के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। कुछ देर बाद मुखबिर द्वारा बताए गए नंबर की मोटरसाइकिल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर पीछे बैठा एक व्यक्ति भाग निकला, जबकि चालक को पकड़ लिया गया। इसके बाद अन्य तीन संदिग्ध मोटरसाइकिलों को भी रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान दो मोटरसाइकिलों में विशेष रूप से बनाए गए लोहे के कैरियर पर रखे बड़े प्लास्टिक टबों में गांजा छिपाकर रखा गया था। टबों के निचले हिस्से को काटकर उनमें पैकेट छिपाए गए थे।तलाशी के दौरान एक मोटरसाइकिल से 22 और दूसरी से 28 पैकेट बरामद किए गए।

इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर कुल 72.621 किलोग्राम गांजा मिला, जिसकी अनुमानित कीमत 36 लाख 31 हजार 50 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने इसके अलावा चार मोटरसाइकिल और चार मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में श्याम गोंड (26 वर्ष) निवासी रायसेन, पवन गोंड (26 वर्ष) निवासी सागर, प्रदीप चौहान (20 वर्ष) निवासी रायसेन तथा संजय कुमावत (20 वर्ष) निवासी रायसेन शामिल हैं। मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील तिर्की, उपनिरीक्षक अनित राम यादव सहित डौण्डीलोहारा थाना स्टाफ एवं साइबर सेल बालोद की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों पर प्रशासन गंभीर, सीएमएचओ को कार्रवाई के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ अपर कलेक्टर की बैठक में उठाए गए स्वास्थ्य कर्मचारियों के मुद्दे

लगातार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज उठाने वाले स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ जिला बालोद की एक बार फिर विभिन्न मांगों को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। 7 मई को विभिन्न संगठन के प्रमुखों की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई थी।

बैठक अपर कलेक्टर अजय किशोर लकड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त बैठक में स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष घनश्याम पुरी गोस्वामी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा, जिसके बाद प्रशासन ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है।

जिलाध्यक्ष घनश्याम पुरी गोस्वामी ने मांग की थी कि स्वास्थ्य विभाग में कार्य करने वाले नेत्र सहायक अधिकारी, स्वास्थ्य सुपरवाइजर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक फिल्ड में ड्यूटी करते हैं, जिनके द्वारा आधार बेस उपस्थिति कई दिनों तक नहीं किया जाता। इसलिए इन कर्मचारियों की आधार बेस उपस्थिति की अनिवार्यता खत्म करने की मांग की। वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का वरिष्ठता सूची जारी कर पदोन्नति ▶▶ शेष पेज 12 पर

# बटरेल स्कूल में 10 लाख रुपए के प्रार्थना शेड निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

ग्राम पंचायत बटरेल शासकीय माध्यमिक शाला में 10 लाख की लागत से निर्मित होने वाले प्रार्थना शेड निर्माण का भूमिपूजन सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू ने किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, जनपद सदस्य पाटन अजय कुमार साहू, मंडल अध्यक्ष भाजपा जामगांव आर कमलेश साहू की उपस्थिति में किया।



जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि आज का यह दिन हमारे गांव के लिए एक ऐतिहासिक और खुशी का दिन है। हम सब यहां प्रार्थना शेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन के लिए एकत्रित हुए हैं। प्रार्थना केवल एक क्रिया नहीं, बल्कि हमारे जीवन की शक्ति है। यह हमें अनुशासन, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास सिखाती है। विद्यालयों में प्रार्थना से बच्चों में संस्कार, एकता और देशभक्ति की भावना विकसित होती है।

सभापति ने कहा कि लंबे समय से हमारे बच्चों और ग्रामीणों को धूप, बारिश और ठंड में खुले में खड़े होकर प्रार्थना करनी पड़ती थी। यह स्थिति उनके स्वास्थ्य और एकाग्रता के लिए उचित नहीं थी। आज इस प्रार्थना शेड के निर्माण से एक सुरक्षित, व्यवस्थित और सम्मानजनक स्थान उपलब्ध होगा, जहां हमारे बच्चे, शिक्षक और ग्रामीणजन आराम से एकत्रित होकर प्रार्थना, सभा और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियाँ कर सकेंगे।

ये रहे उपस्थित इस अवसर पर सरपंच एमन आठे, उपसरपंच बसंत साहू, ▶▶ शेष पेज 12 पर

जंगल और खदान क्षेत्र से लगे वार्डों में शाम ढलते ही भालुओं की आमद बढ़ी

# भालू प्रभावित बस्तियों में सुरक्षा के लिए जगमगाई हाईमास्ट लाइट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

खबर का असर

वार्ड क्रमांक 2 और 5 में बढ़ती भालू गतिविधियों को लेकर हरिभूमि द्वारा प्रकाशित समाचार का व्यापक असर देखने को मिला है। भालुओं की लगातार आवाजाही से दहशत में जी रहे रहवासियों की चिंता को गंभीरता से लेते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने त्वरित पहल करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में उच्च क्षमता वाले दस हाईमास्ट लाइट याने प्रकाश स्तंभ स्थापित कर दिए हैं। वर्षों से अंधेरे के कारण भय और असुरक्षा का सामना कर रहे लोगों को अब बड़ी राहत मिली है।



### रात का आवागमन हुआ सुरक्षित

स्थानीय रहवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से वे अंधेरे और भालुओं की मौजूदगी के दोहरे भय के बीच जीवनयापन कर रहे थे। अब क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी होने से लोगों का आत्मविश्वास बढ़ा है और रात के समय आवाजाही पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित महसूस हो रही है। हरिभूमि द्वारा उठाए गए इस जनहित के मुद्दे पर हुई त्वरित कार्रवाई को नागरिक सकारात्मक पहल मान रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि इसी प्रकार प्रशासन, वन विभाग और उद्योग प्रबंधन मिलकर संवेदनशील समस्याओं पर समयबद्ध कार्रवाई करें तो मानव और वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

कुछ दिन पहले हरिभूमि ने दल्लीराजहरा का वार्ड क्रमांक-2 बना भालू विचरण क्षेत्र शीर्षक से विस्तृत समाचार प्रकाशित कर क्षेत्र की गंभीर स्थिति को उजागर किया था। समाचार में बताया गया था कि जंगल और खदान क्षेत्र से लगे वार्डों में शाम ढलते ही भालुओं की आमद बढ़ जाती है, जिससे लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभागों ने मामले को गंभीरता से लिया और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाए।

भालू प्रभावित क्षेत्रों में लगाए गए इन प्रकाश स्तंभों से अब पूरा इलाका रात के समय रोशनी से नहा उठा है। प्रकाश व्यवस्था विशेष रूप से उन स्थानों पर की गई है जहां भालुओं की मौजूदगी सबसे अधिक दर्ज की जाती ▶▶ शेष पेज 12 पर

## मानव दिवस सृजन और जल संरक्षण पर दिया जोर

# जिपं सीईओ ने की समीक्षा, लंबित आवास 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चन्द्रवंशी ने आज जनपद पंचायत कार्यालय गुण्डरदेही के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत समीक्षा आबंटित लक्ष्य के विरूद्ध में शासन की मंशानुसार लंबित आवासों को 30 जून 2026 तक पूर्ण कराये जाने के संबंध में गहन चर्चा करते हुए आवास पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत 90 मानव दिवस सृजन की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण कराने तथा हितग्राहियों को इसके महत्व के संबंध में जागरूक करने के निर्देश भी दिये। बैठक में सीईओ जनपद पंचायत को ग्राम पंचायत बोड़ेना एवं कसौंदा के सचिव को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत जरवाय के सचिव द्वारा बिना किसी सूचना के अनुपस्थिति के चलते कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत भिलाई एवं ईरागुड़ा के द्वारा शत–प्रतिशत पूर्ण किये जाने पर उनकी सराहना की गई।





### ये रहे उपस्थित

बैठक में जनपद पंचायत सीईओ उमेश रात्रे, जिला पंचायत जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास प्रभात साहू, आवास समन्वयक चौन कुमार पटेल, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन प्रवीण ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा घनश्याम सिन्हा, विकासखण्ड समन्वयक नीलम चन्द्राकर, कार्यक्रम अधिकारी प्रतिज्ञा चन्द्राकर सहित जनपद पचांयत गुण्डरदेही अंतर्गत ग्राम पंचायतो के सचिव, रोजगार सहायक व अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

# मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर बनाई नई पहचान : यशवंत जैन



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवन्त जैन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐतिहासिक कार्यकाल की उपलब्धियों को उल्लेखनीय बताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के सुकृढ़ नेतृत्व और राष्ट्र प्रथम की नीति के कारण भारत ने वैश्विक पटल पर एक नई पहचान बनाई है। पिछले वर्षों में देश ने आर्थिक, ढांचागत और रक्षा के क्षेत्र में वे ऐतिहासिक मील के पत्थर छुए हैं, जिनकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री जैन ने कहा कि मोदी सरकार ने देश को पॉलिसी पैरालिसिस के दौर से बाहर निकालकर सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के रास्ते पर आगे बढ़ाया है। जीएसटी का सफल कार्यान्वयन, बैंकिंग क्षेत्र का डिजिटलीकरण और मेक इन इंडिया जैसी पहलों ने भारत को दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में लाकर खड़ा कर दिया है। आज देश में स्टार्टअप्स की बाढ़ आई हुई है और भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। श्री जैन ने कहा कि रिकॉर्ड गति से राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण, रेलवे का आधुनिकीकरण, वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें और हवाई अड्डों का तेजी से विस्तार देश की बदलती तस्वीर को बयां करते हैं।

इसके साथ ही, अनुच्छेद 370 की समाप्ति और सर्जिकल व एयर स्ट्राइक जैसे साहसिक कदमों ने देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा को अभेद्य बनाया है। भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस और पारदर्शी शासन के दम पर मोदी जी ने देश को एक आत्मनिर्भर और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है।

## खबर संक्षेप



### प्राणघातक हमला करने वाले पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** मामूली विवाद के चलते कैरम सेंटर में युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले 6 युवक और 2 अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है।छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मोहम्मद वसीम ने शिकायत किया था कि वह अहमद नगर कैम्प 2 में स्थित कैरम सेंटरमें बैठा था। तभी सिगरेट मांगे जाने पर दुकान संचालक से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पीड़ित के साथ आरोपियों ने साथ गाली-गलौज मारपीट करने पर उतारु हो गए। पुलिस जांच में आरोपियों में कैम्प दो निवासी शहनवाज कुरैशी उर्फ शानु उर्फ अण्डा,शेख अनिस, मोहम्मद जाकिर,शोएब अख्तर,मोहम्मद अली उर्फ लल्लू कुरैशी उर्फ पप्पू ,गौरव चौधरी उर्फ उल्लू समेत दो अपचारी बालक शामिल होने की जानकारी मिली। पीड़ित को हमला में युवकों ने हत्या करने का प्रयास में नुकीली धारदार वस्तु से हमला किया था। मामले में पुलिस ने कुछ आरोपियों को पहले भी पकड़ चुकी थी। फरार आठ को पुलिस ने अभी गिरफ्तार किया है।

### रवेली के आसपास की जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक

**दुर्ग।** अचानकपुर जलाशय परियोजना के अंतर्गत ग्राम रवेली तहसील पाटन की चिन्हित भूमि पर जमीन संबंधी लेनदेन पर अस्थाई प्रतिबंध लगाया गया है। अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी पाटन के पत्र के आधार पर छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशों के परिपालन में यह आदेश जारी किया गया है। आदेशानुसार ग्राम रवेली स्थित खसरा नंबर 644, 645, 646, 650, 651/1, 651/2, 654, 656, 658, 671/2, 671/3, 672, 673/1 एवं 673/2 की भूमि पर तत्काल प्रभाव से खरीदी-बिक्री, डायवर्सन, बटांकन तथा अन्य भूमि हस्तांतरण संबंधी कार्यों पर आगामी आदेश तक अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### आपातकालीन उपचार योजना का मिलेगा लाभ

**दुर्ग।** पीएम राहत भारत सरकार की एक कैशलेस आपातकालीन उपचार योजना है। प्रायः देखा गया है कि दुर्घटना पीड़ितों का सही समय पर इलाज नही मिलने के कारण मृत्यु हो जाती है, जिसे गोल्डन हावर कहा जाता है, यह योजना समाज के सभी वर्गो के लिए है। जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी सड़क दुर्घटना में पीड़ति की मृत्यु केवल पैसों की कमी या समय पर इलाज न मिलने के कारण न हो, पीएम राहत योजना सड़क दुर्घटनाओं के घायल के लिए भारत सरकार की एक कैशलेस आपातकालीन उपचार की योजना है। दुर्घटना के पहले 7 दिनों तक या 1.5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सरकार के सहयोग से मेडिकल ट्रीटमेंट किसी भी पंजीकृत अस्पताल में कराया जा सकता है। दुर्घटना के 7 दिनों तक या 1.5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलता है। 9 प्रकरण का सफलता पूर्वक भुगतान किया जा चुका है।

## रिसाली से बोरसी होकर पोटिया से गुजरने वाले पुलगांव नाले की सफाई अब शुरू

# पुलगांव नाले के नीचे वाहनों का कबाड़ डंप किसका ? दुर्ग निगम को पता नहीं, अब कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

### मानसून से पहले नाले की सफाई को लेकर निगम ने किया 43 लाख का सफाई ठेका


मानसून का आगमन लगभग होने को है। मौसम विभाग की मानें तो अगले तीन से पांच दिन में मानसून दुर्ग पहुंच जाएगा। इस बीच अब तक शहर के प्रमुख नालों और बड़ी नालियों की सफाई का काम अधूरा है। निगम ने करीब 43 लाख रुपए में नालों और बड़ी नालियों की सफाई का ठेका दिया है। 10 दिन पहले काम शुरू किया गया, लेकिन अब तक शुरुआत नहीं हो पाई है। पुलगांव नाला में सफाई कार्य मंगलवार को शुरू हुआ। बता दें कि इसके आसपास जलकुंभी की भरमार है। 10 दिन से पहले इसकी सफाई संभव नहीं है। इसके अलावा नाले की नीचे बड़ी मात्रा में वाहनों का कबाड़ डंप है, यह कबाड़ किसका है, इस बारे में भी निगम के पास जानकारी नहीं है। इन सबके बीचे जलकुंभी एक बड़ी समस्या है। हर साल इसकी वजह से शहर में पेयजल की आपूर्ति प्रभावित होती है। बावजूद इसके स्थानी समाधान नहीं खोजा गया है।

पिछले 5 दिनों से शहर में शाम के समय पेयजल आपूर्ति रोककर 24 एमएलडी इंटकवेल में साइफन के आसपास लोहे की जाली लगाई जा रही है, ताकि बारिश के दिनों में जलकुंभी और अन्य कचरा न फंसे। इस बीच नाले से जलकुंभी हटाने का काम भी शुरू किया गया है। महापौर अल्का बाघमार ने इसका निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल इस काम को पूरा किया जाए। महापौर सहित आयुक्त सुमित अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 36 के विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण कर नाला-नाली सफाई, पेयजल व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने तथा मानसून पूर्व तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु के पूर्व सभी प्रमुख नालों एवं नालियों की सफाई प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण की जाए, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो तथा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।



### नालों के आसपास पाए गए कचरा अवरोध, सफाई के निर्देश

इधर महापौर एवं आयुक्त ने गंजपारा गली नंबर-1 में स्थित छोटी नाली का अवलोकन कर उसकी शीघ्र सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कहा कि नागरिकों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए जल टंकियों की नियमित सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। महापौर अलका बाघमार ने क्षेत्र के निवासियों से सीधे संवाद कर घरों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया तथा यह सुनिश्चित किया कि नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो रहा है। निरीक्षण के दौरान नाला सफाई कार्यों का अवलोकन करते हुए कुछ स्थानों पर नालों के आसपास कचरा एवं अवरोध पाए गए, जिससे जल निकासी प्रभावित होने की संभावना थी। इस पर महापौर ने संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा कहा कि बरसात के दौरान जलभराव से बचने के लिए नालों को अतिक्रमण मुक्त रखना आवश्यक है।



### शंकरनाला, केलाबाड़ी नाला, गिरधारी नाला की सफाई अधूरी, कचरा निकाल किनारे फेंका

जानकारी के मुताबिक शहर में नालों की सफाई का कार्य किया जा रहा है, इसमें शंकरनाला, केलाबाड़ी, गिरधारी नाला सहित अन्य नालों और बड़ी नालियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है, लेकिन अब भी 40 प्रतिशत से ज्यादा का काम शेष है। शंकर नगर नाला का मालवीर नगर, संतराबाड़ी, सिंधी कॉलोनी का क्षेत्र अब भी साफ नहीं हुआ है। गिरधारी नाला को गिरधारी नगर के आसपास साफ किया गया है, लेकिन कचरा नाले के किनारे ही छोड़ दिया गया है। इस वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इसके अलावा केंद्रीय जेल के बाजू से गुजरने वाली मालवीय नगर चौक सड़क पर घटिया ड्रेन का निर्माण किया गया है। इसमें कई जगहों पर कचरा और मलबा डंप है। बारिश के दिनों में इसकी वजह से परेशानी बढ़ने की संभावना बनी हुई है।

### कंडम गाड़ियों को हटाने और जब्ती बनाने के निर्देश

गंजपारा स्थित स्टेट बैंक के पीछे बने कॉम्प्लेक्स के पास निरीक्षण के दौरान दुकान के सामने खड़ी अनुपयोगी एवं कंडम गाड़ियों को हटाने तथा उस स्थान पर वृक्षारोपण कराने की बात कही गई। वहीं गंजपारा रोड स्थित दुकानों के सामने नालियों के ऊपर बनी फ्लोरिंग के बीच-बीच में जालीदार चेम्बर निर्माण कराने के निर्देश दिए गए, ताकि भविष्य में नालियों की नियमित सफाई सुगमता से की जा सके। निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्वयं उपस्थित रहकर नाली सफाई कार्य करवाया तथा सफाई व्यवस्था की निगरानी की। सत्ती चौरा के निकट सड़क पर भवन निर्माण मलबा पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए। वहीं गंजपारा गली नंबर-1 में खराब पड़े बोर को सुधारने तथा आवश्यक स्थानों पर नई नाली निर्माण कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। इसके अलावा बांधा तालाब से जुड़े नाले की विशेष सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान लोक कर्म विभाग प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी निलेश अग्रवाल, पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, उप अभियंता विनोद मांझी, शोएब अहमद, अभ्युदय मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## 5 दिन से 15 हजार की आबादी को नहीं मिल रहा शाम के समय पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- साइफन के आसपास लगाई जा रही जाली

शहर में पिछले पांच दिनों से वार्ड-17, 18, 24, 25, 27 सहित अन्य वार्डों में पेयजल को लेकर लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना करना पड़ रहा है। बिना पूर्व जानकारी दिए निगम का जलकार्य अमला सप्लाई रोक दे रहा है। इसकी वजह से लोग इस भीषण गर्मी के बीच पानी को लेकर परेशान हो रहे हैं। नलघर में शिकायत करने वालों को सही जानकारी तक नहीं दी जा रही है। अफसर से लेकर अन्य कर्मचारी जनप्रतिनिधियों को भी वास्तविक जानकारी नहीं दे रहे हैं। इसकी वजह से समस्या का पता भी नहीं चल पा रहा है। जानकारी के मुताबिक 24 एमएलडी के इंटकवेल में पिछले 5 दिनों से गोपनीय तरीके से काम किया जा रहा है। यहां बारिश के दिनों में जलकुंभी की वजह से सामने आने वाली परेशानियों से बचाव को लेकर नदी के हिस्से में जालियां लगाई जा रही है, ताकि जलकुंभी न फंसे। इसके लिए 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में पर्याप्त मात्रा में रॉ वॉटर की सप्लाई नहीं हो पा रही है। एक टाइम वह भी सुबह के समय ही महज 15 से 20 मिनट पानी दिया जा रहा है। कुछ जगहों पर 5 मिनट ही पानी पहुंच रहा है। अधिकारियों ने बताया कि उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में ही यह पूरा कार्य किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों को भी वस्तु स्थिति की जानकारी दी गई है। काम लगभग पूरा हो चुका है। 10 जून से दोनों टाइम मिलने लगेगा। इसके बाद किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।


### पौने 2 करोड़ खर्च के बाद भी समस्या का समाधान नहीं

बता दें कि निगम ने जलकुंभी से निपटने के लिए करीब 2.75 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इसमें करीब 1.25 करोड़ रुपए से पॉन्ड क्लीनर, चेन माउंटेन से लेकर अन्य की खरीदी की है। ताकि जलकुंभी को हटाया जा सके। इसके अलावा नालों की सफाई के नाम पर 43 लाख का टेंडर निकाला है। इसके बाद मछुवारों और अन्य की मदद से पुलगांव नाला की सफाई कराई जा रही है। इधर इंटकवेल में जलकुंभी हटाने के नाम पर भी खर्च किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि पॉन्ड क्लीनर को नाले में नहीं उतारा जा सकता। पुलगांव नाले की सफाई मशीनों से नहीं हो सकती। इसलिए मछुवारों को काम पर लगाया गया है।

## सीएम हेल्पलाइन 1076 लॉन्च, सारे अफसर हो जाएं अपडेट, लापरवाही पर सीधे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को समयावधि में प्रकरण निराकृत करने के कड़े निर्देश दिये। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन 1076 अपडेशन की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन लांच हो रही है। इसके लिए पूर्व में आप सभी को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जो भी एल-1 अधिकारी है, वह सभी अपनी आईडी तैयार कर उसमें लॉगिन हो जाएं। मोबाइल नंबर आदि अपडेट कर लें। सीएम हेल्पलाइन लांचिंग उपरान्त नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें तथा प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण गुणवत्तापूर्वक सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री द्वारा इसकी साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। इसमें किसी भी स्तर पर किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि लॉगिन आईडी, डेसबोर्ड इत्यादि किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर ई-डिस्ट्रिक मैनेजर से संपर्क कर अपडेशन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन और शिकायत प्रबंधन प्रणाली छत्तीसगढ़ सरकार की एक प्रमुख पहल है। जिसे सुशासन और अभिकरण विभाग अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य नागरिकों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा शिकायतों का निराकरण हेतु एकीकृत, सुलभ और विश्सनीय माध्यम प्रदान करने विकसित की गई है।



### स्कूल खुलने के साथ बच्चों को लेकर करें प्लानिंग

कलेक्टर ने कहा कि आगामी दिनों स्कूल खुलने पर बच्चों के एमबीयू के लिए ईडीएम के साथ प्लानिंग करने तथा ऐसे बच्चे जिसके जाति प्रमाण पत्र नहीं बने है, उनके सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने डीईओ को निर्देशित किया। उन्होंने समितियों से धान उठाव और लेखा मिलान शीघ्र पूर्ण करने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में वनमंडलाधिकारी दीपेश कपिल, एडीएम वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम भिलाई-3 चरौदा के आयुक्त दशरथ राजपूत, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आम लोगों तक सुशासन पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम बनेगी। इसलिए सभी विभाग शिकायतों का तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

## ईंट भट्ठों का अवैध संचालन, तालाबों के आसपास की खोदी जा रही मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- न पर्यावरण विभाग गंभीर, न ही खनिज विभाग ध्यान दे रहा



चिंगरी, थनौद और अंजोरा-खपरी गांव में अवैध ईंट भट्ठों का संचालन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं इसके लिए तालाबों के आसपास की मिट्टी खोदकर निकाली जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर अभिजीत सिंह से की है। ग्रामीणों कहा है कि ईंट बनाने वाले चिंगरी में सिंचाई के लिए उपयोगी छोटे शासकीय तालाब किनारे से सटकर मिट्टी और राबिस डालने का कार्य कर रहे हैं। इस भराव से तालाब के जलभराव क्षेत्र के प्रभावित होने की आशंका है। तालाब से आसपास के खेतों में सिंचाई होती है, निस्तारी में उपयोग लाया जाता है। इसी प्रकार अंजोरा-खपरी में मौसमी नाले के निकट ईंट भट्ठा संचालित हैं। ग्राम पंचायत स्तर से इसे अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है। नाले के किनारे निर्माण से बरसात में जल प्रवाह बाधित होने की आशंका है। ग्राम थनौद में भी संचालित भट्ठे के पास खनिज विभाग की वैध लीज और रॉयल्टी भुगतान के प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। परंपरागत रूप से अपने उपयोग के लिए सीमित मात्रा में ईंट निर्माण की छूट का प्रावधान है। मगर तीनों गांवों में इस प्रावधान की आड़ में बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उत्पादन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के तहत व्यावसायिक प्रयोजन से ईंट निर्माण के लिए खनिज साधन विभाग से लीज, ग्राम पंचायत की अनापत्ति, राजस्व विभाग की अनुमति तथा पर्यावरण संरक्षण मंडल से सहमति लेना अनिवार्य है। नियमों के अनुसार किसी भी शासकीय जल स्त्रोत की सीमा से निर्धारित दूरी के अंदर बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के निर्माण कार्य प्रतिबंधित है।

## विद्युत यांत्रिकी ठेकेदार संघ का गठन, भोसले बने अध्यक्ष

**दुर्ग।** प्रदेश के विद्युत एवं यांत्रिकी ठेकेदारों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान तथा शासन एवं विभाग के समक्ष उनकी मांगों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत यांत्रिकी ठेकेदार संघ का गठन किया गया। संरक्षक मंडल में मूलचंद भंसाली, प्रमोद कुमार कौशल, शरद शर्मा शामिल किए गए हैं। अध्यक्ष संदीप भोसले को बनाया गया है।कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी नूतेंद्र साहू और सागर शर्मा को सौंपी गई है। महासचिव किरण कुमार दत्तानी, सह सचिव आलोक सोढ़ी, कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र देवांगन, डीएम झा, अभय सिंह, सौरभ डहरिया बनाए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्य अफसर अली, गोविंद अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला,



विधिक सलाहकार प्रशांत डागा नियुक्त किए गए हैं। बैठक में विद्युत एवं यांत्रिकी ठेकेदारों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख रूप से लंबित भुगतान, बिलों के समयबद्ध निराकरण, विद्युत कार्यों में एस्केलेशन का लाभ, पीजी, एसडी, ईएमडी की वापसी तथा बाजार दरों के अनुरूप एसओआर संशोधन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

## सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने भाजपा चलाएगी मुहिम

**दुर्ग।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने अभियान शुरू किया है।12 साल बेमिसाल सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत मरोदा-पुरैना एवं रिसाली मंडल की बैठकें आयोजित की गईं। वार्ड 13 स्थित मां शीतला कल्याणी मंदिर परिसर तथा रिसाली वीआईपी नगर सामुदायिक भवन में संपन्न हुईं। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक तथा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिला



महामंत्री विनोद अरोरा, जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी शिवेंद्र परिहार, प्रदेश झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ सह-संयोजक एवं मंडल प्रभारी दिनेश देवांगन, जिला मंत्री शैलेंद्र शेंडे, मंडल अध्यक्ष राजू जांघेल एवं अनुपम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, राष्ट्रीय सुरक्षा एवं वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी आजाद भारत के ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने लगातार जनसेवा के माध्यम से देश को नई दिशा दी है तथा आने वाले समय में सबसे ज्यादा समय वाले प्रधानमंत्री के रूप में नया इतिहास रचेंगे।

## नागरिकों को घर के नजदीक मिल रही शासकीय सेवाएं

# उरला जोन कार्यालय में आज लगेगा जनसुविधा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नागरिक सुविधाओं को उनके नजदीक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक बुधवार आयोजित किए जाने वाले जनसुविधा शिविर के अंतर्गत इस बुधवार 10 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक उरला स्थित जोन कार्यालय (आईएचएसडीपी कॉलोनी) में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों को विभिन्न शासकीय एवं निगम संबंधी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

शिविर के दौरान नए राशन कार्ड बनाने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, नाम विलोपन एवं अन्य आवश्यक संशोधन संबंधी कार्य किए जाएंगे। इसके




अलावा वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, परित्यक्ता पेंशन तथा दिव्यांगजन पेंशन से जुड़े आवेदन एवं समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा। निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर नागरिकों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान करेंगे। उरला वार्ड के नागरिकों को मिलेगा विशेष लाभ, टैक्स जमा करने पर तत्काल नकद छूट नगर निगम प्रशासन ने बताया कि वार्ड 57 एवं 58 के नागरिकों एवं करदाताओं के लिए संपत्तिकर एवं अन्य निगम करों के भुगतान की व्यवस्था की गई है। संबंधित अधिकारी शिवा परिहार मोबाइल 7805919929 को जोन कार्यालय में कर राशि जमा करने पर 6 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

### पीएम स्वनिधि योजना के जिला स्तरीय शिविर आज

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत 11 जून गुरुवार को दुर्ग में जिला स्तरीय स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक नगर पालिक निगम दुर्ग के श्रद्धेय मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजित होगा। शिविर में स्ट्रीट वेंडर्स को योजना के तहत ऋण स्वीकृति, क्रेडिट कार्ड वितरण, ऑनलाइन आवेदन, सामाजिक प्रोफाइलिंग तथा विभिन्न शासकीय लाभों की जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु उपायुक्त मोहेंद्र साहू को नोडल अधिकारी तथा बाजार अधिकारी अभ्युदय मिश्रा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर मंच, विद्युत एवं साउंड सिस्टम, पेयजल, स्वच्छता, अतिथि स्वागत, वेंडर्स पंजीयन, बैंकिंग सहयोग, ऑनलाइन आवेदन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की गई है।

## पेज 11 का शेष

### स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों ...

प्रक्रिया तत्काल शुरू करने, कर्मचारियों का लंबित समयमान वेतनमान और एरियस का भुगतान तत्काल करने की भी मांग की गई थी। इसके अलावा जिलाध्यक्ष पुरी ने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारी जीपीएफ सहित अन्य मद हेतु उनके सेवानिवृत्ति काल होने से 6 पहले ही सारी प्रक्रिया पूर्ण की जाए ताकि उन्हें भविष्य में भटकना न पड़े, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को नियमित प्रत्येक माह वेतन नहीं मिल रहा है जिस कारण पारिवारिक आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, उनका वेतन भुगतान समय पर करने की मांग भी की गई थी।

### बटरेल स्कूल में 10 ...

रुपसिंह साहू, दूरपती साहू, रहेश कुमार, कमलेश साहू, हरदेव ठाकुर, इन्द्राणी नेताम, खिलानंद साहू, धनेश्वरी यादव, हिरकनी, विमल कुमार, ठगिया बाई, चित्ररेखा, द्रौपती साहू, खेमेश्वरी, सेवती यादव, कार्तिका बंदे, चन्द्रकला महिलांगे, दामयंतीन साहू, ललित धनकर, भेषकुमार आठे सरपंच प्रतिनिधि, रेवाराम साहू, रमेशू साहू, सुरुज निर्मलकर, संजू साहू, महेद्र साहू की विशेष मौजूदगी रही।

### भालू प्रभावित ...

रही है। इनमें 256 चौक से लेकर खदान क्षेत्र के प्रवेश मार्ग, शिकारी बाबा मंदिर परिसर, शीतला माता मंदिर के आसपास का क्षेत्र, शिकारी बाबा मंच, शंकर तालाब, चट्टा दफाई, पंडर दल्ली पंप गृह तथा उससे आगे की बस्तियां शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक विभाग के अधिकारियों के अनुसार जन सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रभावित वार्डों के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की शिकायतों के आधार पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह व्यवस्था की गई है। उद्देश्य यह है कि तेज रोशनी के कारण भालू आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आने से बचें और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

## खबर संक्षेप



### अवैध शराब को लेकर पुलिस की कार्रवाई

**भिलाई।** अवैध शराब तस्करी मामले में पुलिस ने चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि टीम ने अभियान चलाकर नंदिनी नगर,खुर्सीपार पुलिस ने तस्करी करने वालों को पकड़ा है। जिसमें ग्राम पथरिया नंदिनी नगर निवासी सम्पूरण दास, महेश टंडन, ग्राम कोकड़ी हुमन जांगड़े, शास्त्री मार्केट खुर्सीपार सुनील प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। युवकों के पास से पुलिस ने 115 पौवा देशी मदिरा शराब 12, हजार, दो बाइक जब्त की गई है। उक्त सामानों की कीमत 97 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर युवको को पकड़ा है।

### सेक्टर 9 हास्पिटल के डॉ. दीपक की पुस्तक बनी बेस्ट सेलर

**भिलाई।** बीएसपी के सेक्टर 9 हास्पिटल के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार दासमहापात्र की पुस्तक क्वालिटी मैनेजमेंट इन ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एंड एसओपी ऑफ ब्लड सेंटर" है को अमेज़न पर हेमेटोलॉजी' एवं 'ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन' श्रेणी में बेस्ट सेलर' का स्थान मिला है। इनोवेटिव पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक में ब्लड सेंटर के संचालन, गुणवत्ता मानकों, सुरक्षा प्रोटोकॉल तथा विभिन्न स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) को व्यावहारिक और व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस पुस्तक के सह-लेखकों में संदीप कुमार पांडे, डॉ. अनुराधा पांडा और डॉ. बबीता एक्का शामिल हैं। डॉ. दासमहापात्र ने बताया कि पुस्तक के माध्यम से उन्होंने उन सभी लोगों के योगदान को रेखांकित करने का प्रयास किया है, जो प्रतिदिन अनगिनत मरीजों के जीवन की रक्षा में भूमिका निभाते हैं।

### पॉलीटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग कल से

**दुर्ग।** प्रदेश के तकनीकी शिक्षा संचालनालय डीटीई द्वारा प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी पॉलीटेक्निक कॉलेजों के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, सीडीडीएम, आईडी, एमओएम, एचएमसीटी और लैटरल एंट्री में प्रवेश के लिए राज्य-स्तरीय ऑनलाइन काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जारी शेड्यूल के अनुसार, प्रथम चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन 11 जून पूर्वान्ह 10 बजे से 15 जून रात्रि 11.59 बजे तक होगा। इसके बाद 16 जून को मेरिट सूची जारी होगी, जिस पर 17 जून तक दावा-आपत्ति की जा सकेगी। दावा-आपत्ति के निराकरण के पश्चात प्रथम चरण का सीट आवंटन 19 जून को किया जाएगा, जिसके तहत चयनित छात्रों को 20 से 24 जून के बीच आवंटित संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश लेना होगा। यदि प्रथम चरण के बाद सीटें रिक्त रह जाती हैं, तो द्वितीय चरण की काउंसलिंग 26 से 30 जून तक चलेगी।

**आयोजन : मैदान में पसीना, भविष्य में सफलता : खिलाड़ियों को मिला आगे बढ़ने का मंत्र**

# ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का समापन : 400 से अधिक प्रतिभाओं ने दिखाया दम, खिलाड़ियों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लौह अयस्क समूह दल्ली राजहरा के मानव संसाधन विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन राजहरा क्रिकेट मैदान में संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जयप्रकाश ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। मन को स्वस्थ रखने के लिए शरीर का स्वस्थ होना आवश्यक है और इसके लिए खेल सबसे प्रभावी माध्यम है।

उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मक सोच का भी आधार है। खेल के दौरान बहाया गया पसीना शरीर में नई ऊर्जा का संचार करता है और अनेक बीमारियों को दूर रखने में सहायक बनता है। उन्होंने बच्चों से प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए कौशल को निरंतर अभ्यास के माध्यम से और अधिक निखारने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी भी कला या खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने का एकमात्र मार्ग निरंतर अभ्यास है। प्रशिक्षकों ने जिस समर्पण और मेहनत से खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशने का कार्य किया है, उसे आगे भी बनाए रखना बच्चों की जिम्मेदारी है। तभी इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य पूर्ण रूप से सफल माना जाएगा।

उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षा के बाद बच्चों की छुट्टियों को रचनात्मक दिशा देने के लिए प्रतिवर्ष इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाता है। दल्ली राजहरा की धरती खेल प्रतिभाओं की भूमि रही है। यहां के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाकर अनेक पदक और सम्मान अर्जित किए हैं। आने वाले समय में वर्तमान शिविर के प्रतिभागी भी अपने शहर, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे, ऐसी आशा और शुभकामनाएं हैं।








**खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का हुआ सम्मान:** समापन समारोह में सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं खेल प्रशिक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। फुटबॉल के लिए लक्ष्मीकांत राउतेल, एथलेटिक्स के लिए तारा सिंह एवं हंस कुमार, शक्ति प्रदर्शन के लिए कृष्णामूर्ति, भारोत्तोलन के लिए अनिता शिंदे, जूडो-कराटे के लिए खुर्शीद आलम नार्वी, मुक्केबाजी के लिए टामिन साहू, वॉलीबॉल के लिए वी.के. पटले, क्रिकेट के लिए सुरेश रेड्डी, बैडमिंटन के लिए अमित बादल तिवारी तथा टेबल टेनिस के लिए एस.के. व्यास को सम्मानित किया गया।

### सामूहिक सहयोग से सफल हुआ आयोजन

समारोह में अनेक अधिकारी, कर्मचारी, खेल प्रेमी तथा अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम पारकर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन आनंद बोरकर ने व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में मानव संसाधन विभाग के सहयोगियों हरकराम साहू, अहिल्याबाई तथा देवानंद सहित अन्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### 56वें खेल शिविर में निखरी सैकड़ों प्रतिभाएं

स्वागत उद्बोधन में शैलेश पटनायक ने कहा कि लौह अयस्क खदान समूह द्वारा आयोजित यह 56वां ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर अत्यंत सफल और प्रेरणादायी रहा। शिविर के सफल आयोजन में शीर्ष प्रबंधन के मार्गदर्शन के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे के भीतर कोई न कोई विशेष प्रतिभा छिपी होती है, जिसे सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण के माध्यम से निखारा जा सकता है। इसी उद्देश्य को लेकर आयोजित शिविर में प्रशिक्षकों ने पूरी लगन और समर्पण के साथ बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

इस वर्ष आयोजित शिविर में 400 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, जूडो, कराटे, मुक्केबाजी, भारोत्तोलन, शक्ति प्रदर्शन, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल तथा टेबल टेनिस सहित विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वे अपनी यात्रा यहीं समाप्त न करें, बल्कि निरंतर मेहनत कर उत्कृष्ट खिलाड़ी बनने का लक्ष्य निर्धारित करें।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा नेताओं ने गिनाई उपलब्धियां

**जनकल्याणकारी योजनाओं से बदली करोड़ों लोगों की जिंदगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने इसे राष्ट्र निर्माण, सुशासन, जनकल्याण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियों का कालखंड बताया। नेताओं ने कहा कि बीते 12 वर्षों में देश ने अनेक ऐतिहासिक निर्णयों, वि का सो न्मु खी योजनाओं और साहसिक कदमों के माध्यम से विश्व मंच पर अपनी सशक्त पहचान स्थापित की है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ देश निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।



भाजपा नेताओं ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने, तीन तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त कर महिलाओं को न्याय दिलाने तथा आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई कर देश की सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान की गई है। राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संप्रभुता को सुदृढ़ करने वाले इन निर्णयों ने भारत की वैश्विक छवि को और अधिक प्रभावशाली बनाया है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनधन योजना और किसान सम्मान निधि जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों के जीवन में खुशहाली और सुरक्षा का नया अध्याय जोड़ा है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना अब धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है।









नगर पालिका अध्यक्ष तोरणलाल साहू ने कहा कि केंद्र सरकार ने विकास की मुख्यधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है। देशभर में सड़कों, रेल मार्गों, हवाई सेवाओं, डिजिटल सुविधाओं तथा आधुनिक आधारभूत संरचनाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बुनियादी सुविधाओं को निरंतर मजबूत किया जा रहा है।

नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि भारत ने तकनीक, शिक्षा, खेल, अंतरिक्ष अनुसंधान, रक्षा और विदेश नीति के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है तथा युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसरों का सृजन हुआ है। उन्होंने कहा कि नवाचार और तकनीकी विकास के क्षेत्र में भारत आज दुनिया के अग्रणी देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

विधानसभा मीडिया प्रभारी भूपेंद्र डहरवाल ने कहा कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नेतृत्व कर नरेंद्र मोदी ने देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि जनता के अटूट विश्वास, दूरदर्शी नेतृत्व और सुशासन की नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारत ने समूह-20 की सफल अध्यक्षता कर वैश्विक स्तर पर अपनी प्रभावशाली भूमिका का परिचय दिया है।

पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष राष्ट्र निर्माण, सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक हैं। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास तथा महाकाल लोक जैसे कार्यों ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान प्रदान की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत-2047 का संकल्प जनभागीदारी और सामूहिक प्रयासों से अवश्य साकार होगा।

भाजपा नेताओं ने कहा कि बीते 12 वर्षों की उपलब्धियां केवल सरकार की सफलता नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, विश्वास और सहभागिता का परिणाम हैं। सेवा, सुशासन, सुरक्षा, विकास और सांस्कृतिक उत्थान के आधार पर भारत आज एक नए युग की ओर बढ़ रहा है, जहां विकसित, आत्मनिर्भर और विश्व में अग्रणी राष्ट्र बनने का लक्ष्य तेजी से आकार ले रहा है।

# नीर चेतना अभियान से जल संरक्षण की अलख समूह की महिलाएं निभा रहीं अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जल संचयन जनभागीदारी 2.0 अंतर्गत जिले में नीर चेतना अभियान अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में नीर चेतना अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों के साथ ही ज न जा ग रू क ता कार्यक्रम जारी है।

> ■ नुक्कड़ नाटक और रैली से दिया जा रहा 'जल है तो कल है' का संदेश

जिले के सभी विकासखंडो के ग्रामों में आयोजित शिविर में स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जल संरक्षण, जल संचयन के संबंध में नुक्कड नाटक एवं रैली के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया साथ ही नुक्कड नाटक के माध्यम से नलों को खुला न छोड़ने, वर्षा जल संचयन अपनाने घरों एवं खेतो में सीमित उपयोग, जल स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाने, जिले के सभी नागरिकों को 'जल है तो कल है' के संदेश को अपनाते हुए जल संरक्षण के कार्यों में सहभागिता निभाने का संदेश दिया गया, साथ ही प्रत्येक नागरिक को अपने घर में सोखता गढ्ढे के निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई।

उल्लेखनीय है कि नीर चेतना अभियान के तहत जिले में वृहद स्तर पर अधोसंरचना का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें सोकपीट, स्ट्रेगर ट्रैच, रिचार्ज पीट, रूफ टाप, वाटर हार्वेस्टिंग आदि सम्मिलित है। साथ ही जिला प्रशासन की पहल से जन जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम यथा, रैली, सभा, मानव श्रृंखला, शपथ आदि कराया जा रहा है। नीर चेतना अभियान के तहत विकासखंड डौण्डीलोहारा के ग्राम चिल्हाटीकला में ग्राम पंचायत सरपंच हुमलेश्वरी भुआर्य एवं






जनप्रतिनिधि के सहयोग से 350 घरों में सोखता गढ्ढा का निर्माण किया गया है और सभी नागरिकों को पानी की उपयोगिता के बारे में बताया गया और भविष्य में जल स्तर को बनाये जाने हेतु प्रेरित किया गया। इसी क्रम में विकासखण्ड गुण्डरदेही, ग्राम पंचायत मोखा की अमलेश्वरी साहू जो कि तानिया स्व–सहायता समूह से जुड़कर एफएलसीआरपी का कार्य कर रही है। ग्राम की महिलाओं को समूह में जोड़ने के साथ–साथ वित्तीय साक्षरता के बारे में जानकारी देती है।

नीर चेतना अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मोखा में ग्रामीण सहभागिता और जल संरक्षण को बनाए रखने छत्तीसगढ़ शासन के 'नीर चेतना अभियान के तहत ग्रामीणों से जल संरक्षण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोखता गढ़वा एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनवाया गया। जिसमें श्रीमती अमलेश्वरी साहू द्वारा स्वयं के घर एवं ग्राम के अन्य 15 से 20 घरों में सोखता गढ़ढा एवं रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनवाया गया। तथा लोगो को वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित कर रही है। इसी प्रकार विकासखंड बालोद के ग्राम मटिया से बिहान की कार्यकर्ता श्रीमती बबीता साहू बताती है, कि जिला प्रशासन के नीर चेतना अभियान से प्रभावित होकर मैनें सर्वप्रथम अपने घर में सोखता गढ्ढा बनवाया तत्पश्चात इसके लाभ को देखते हुए हमने हमारे ग्राम के सभी समूह के बैठक कर प्रत्येक घर में जलसंरक्षण के इस भागीरथी प्रयास को मूर्त रूप देने का संकल्प किया 08 स्व–सहायता समूह के 92 परिवारों से निरंतर संपर्क कर सोखता गढ्ढा एवं पानी बचाने के अन्य संरचनाओं का निर्माण हम कर रहे है। ग्रामीणो को जल के महत्य और उसके उचित उपयोग के बारे में जागरूक कर रहीं है। इनके निरंतर प्रयासो से भूजल स्तर में अवश्य सुधार होगा तथा भविष्य में जल संकट की समस्या दूर होगी।

**कौशल्या धाम भविष्य में मां कर्मा धाम के रूप में भी होगा विख्यात : डॉ. नीरेंद्र साहू**

# मां कौशल्या धाम पाटेश्वर आश्रम में हुआ प्रदेश स्तरीय साहू समाज सम्मेलन

**डौंडीलोहारा।** जामड़ी पाटेश्वर आश्रम में निर्माणाधीन मां कौशल्या धाम में सोमवार को प्रदेश स्तरीय साहू समाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित एक माह के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत हुए इस सम्मेलन में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में साहू समाज के लोग शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं की भी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, पूर्व मंत्री थानेश्वर साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष महेंद्र साहू सहित रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, राजनांदगांव, बेमेतरा, कवर्धा, खैरागढ़, डौंडी एवं अन्य जिलों से समाजजन पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री थानेश्वर साहू ने कहा कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को समर्पित ऐसा धाम विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि मां कौशल्या धाम में साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की स्थापना होने से यह स्थान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने कहा कि जामड़ी पाटेश्वर आश्रम में बन रहा मां कौशल्या धाम भविष्य में मां कर्मा धाम के रूप में भी विख्यात होगा। उन्होंने कहा कि समस्त साहू समाज इस भव्य धाम के निर्माण में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है और समाज के लोग इसे पूर्ण कराने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने भी आश्रम पहुंचकर निर्माणाधीन धाम का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मां कौशल्या धाम का निर्माण छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को नई ऊंचाई देगा तथा संतराम बालक दास जी का यह प्रयास सराहनीय है।कार्यक्रम के अंत में संत संतराम बालक दास जी ने सम्मेलन में शामिल हुए सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए समाज के सभी वर्गों ने सहयोग दिया, उसी प्रकार छत्तीसगढ़ की बेटी राजरानी मां कौशल्या के धाम निर्माण में भी सभी सनातन धर्मावलंबियों को आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि 12 जून को पाटेश्वर धाम में राजस्थान के प्रसिद्ध ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ मनोज गुप्ता के मार्गदर्शन में ज्योतिष सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वहीं 13 जून को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय कलार (सिन्हा) समाज सम्मेलन का आयोजन भी किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है।




सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खललारी में 11 जून को प्रस्तावित आदिवासी महासम्मेलन स्थगित

**दल्लीराजहरा।** क्षेत्र के ग्राम खललारी में 11 जून को प्रस्तावित आदिवासी महासम्मेलन अपरिहार्य कारणों से आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। आयोजन समिति एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। महासम्मेलन आदिवासी समाज के जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण एवं संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित था। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने सभी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

### अवैध शराब बेचते गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** अवैध शराब बेचते एक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अर्जुन नगर शीतला मंदिर रोड पुलिया के पास दबिश देकर कैम्प-1 स्टील नगर निवासी एम जगीदश को पकड़ा गया। उसके पास से 4 बोतल देशी मसाला शराब, 16 पौवा देशी मसाला शराब बेचे गए रकम 4,700 रुपये बरामद की गई।

### धारदार हथियार लहराने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** धारदार हथियार लहराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हरा मैदान, कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी के पास दबिश देकर धारदार लहारेन वाले कंट्रेक्टर कालोनी निवासी आशु उर्फ अमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया. उसके पास से पुलिस ने उसके कब्जे से 12 इंच लंबा धारदार लोहे का हथियार बरामद किया।

### सेलून संगठन की बैठक आज

**धमतरी।** सेलून संगठन की बैठक 11 जून गुरुवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक चंदापारी सेन भवन आमातालाब रोड रामनगर धमतरी में रखी गई है। सेलून एसोसिएशन की मजबूती व सेलून रेट पर चर्चा होगी। यह जानकारी सेलून संघ प्रमुख आनंद शांडिल्य ने दी है।

### संशोधित मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर अपलोड

**धमतरी।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु बीते 10 मई को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा की संशोधित मॉडल उत्तर पुस्तिका प्रकाशित की गई थी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि 20 मई को मॉडल उत्तर जारी कर दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक प्राप्त दावा-आपत्तियों के आधार पर प्राक्चयन परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। संबंधित विद्यार्थी विभागीय साइट पर मॉडल उत्तर का अवलोकन कर सकते हैं।

### पांच लोगों ने मिलकर की युवक से मारपीट

**धमतरी।** एक ही परिवार के पांच लोगों ने युवक से मारपीट कर उन्हें चोट पहुंचाई है। पुलिस के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा बी निवासी गुलशन सिन्हा उम्र 28 वर्ष के पिता होमेश्वर सिन्हा एवं गांव के नरसिंह साहू के बीच 15 दिन पहले धान खरीदी बिक्री को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद नरसिंग साहू के पुत्र धनंजय साहू, परमेश्वर साहू, भतीजा देवा साहू, भाई अशोक साहू व बहू रोमिन साहू बीते दिनों हुए विवाद को लेकर गुलशन के घर के पास आकर अश्लील गाली गलौज कर रहे थे। गुलशन ने घर से बाहर निकल गाली-गलौज करने से मना किया। जिस पर पांचों ने एकराय होकर जान से मारने की धमकी देते हुए गुलशन के साथ मारपीट की। इस घटना में गुलशन की आंख, गला व पीठ में चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर भखारा पुलिस ने आरोपी धनंजय साहू, परमेश्वर साहू, देवा साहू, अशोक साहू व रोमिन साहू के खिलाफ धारा 115/2, 191/2, 296, 351/2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# खुशियों की चाबी पाकर खिले आवास हितग्राहियों के चेहरे, साकार हो रहा पक्के मकान का सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हर गरीब का सपना होता है खुद का पक्का मकान, और बालोद जिले में यह सपना अब तेजी से हकीकत में तब्दील हो रहा है। सुशासन तिहार 2026 के अवसर पर जिले में आयोजित शिविरों में आवास लाभार्थियो को समय–सीमा में आवास पूर्ण करने पर जन–प्रतिनिधियो के हाथों अपने सपनों के आशियानें 'खुशियों की चाबी' पाकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वे मंच के माध्यम से अपने अनुभव को साझा कर अन्य आवास लाभार्थियों को समय पर आवास पूर्ण करने एवं आवासो में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सोकपीट का निर्माण पूर्ण करने अपील की। पीएम आवास योजना से न सिर्फ लोगों के जीवन स्तर में सुधार आ रहा है, बल्कि ग्रामीण अंचलो की तस्वीर भी तेजी से बदल रही है। जिला पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में कुल स्वीकृत 54 हजार 151 आवासो के विरूद्ध में 48 हजार 421 (89.42 प्रतिशत) पूर्णता पश्चात कुल 5730 आवास लंबित, निर्माणाधीन, प्रगतिरत आवासों को यथाशीघ्र शत–प्रतिशत पूर्ण कराने लाभार्थियों से संपर्क कर समन्वय स्थापित करते हुए उन्हे प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके साथ ही पूर्ण आवासो के विरूद्ध में जन सहयोग एवं जनभागीदारी के माध्यम से सोकपीट का निर्माण पूर्ण करने प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्रत्येक शिविर में औसतन 05–07 आवास लाभार्थियों को पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए उनको 'खुशियों की चाबी' जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रदान किया गया।

■ हितग्राहियों को सोकपीट निर्माण कर जल संरक्षण का दिया संदेश

## पक्के मकान के साथ बदल रही ग्रामीण अंचलों की तस्वीर और जीवन स्तर







**पारदर्शिता के साथ आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा सकेगा**

जहां वे अपने अनुभव को साझा करते हुए अन्य आवास लाभार्थियों एवं ग्रामीणजनों को प्रोत्साहित तथा शासन–प्रशासन के द्वारा योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवासो के निर्माण में किसी भी प्रकार की आर्थिक बाधा न आए, इसके लिए शासन ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए सभी जिलो को कुल 2677.1 करोड़ रूपये जारी किए गए है। यह राशि केन्द्रांश और राज्यांश मद एसएनए स्पर्श मॉड्यूल के माध्यम से आबंटित की गई है। इसी क्रम में बालोद जिले में कुल 3278 लाभार्थियो हेतु 10.12 करोड़ के अंतरण हेतु एसएनए स्पर्श मॉड्यूल पर एफटीओ साइन किया गया है। बहुत जल्द ही यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर होंगे जिससे समय–सीमा में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा सकेगा।

## आयोजन : भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र विकास और समृद्धि की प्रार्थना की

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना को लेकर राम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्र के निरंतर विकास हेतु भारतीय जनता पार्टी मंडल जामगांव आर अध्यक्ष कमलेश साहू के नेतृत्व में राम मंदिर जामगांव आर में विशेष पूजा–अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के विकास एवं निरंतर वैश्विक प्रतिष्ठा को नए आयाम पर स्थापित किया है। वे भारत के सर्वाधिक लंबे समय तक रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बने हैं। इसी उपलब्धि एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए बुधवार 10 जून को यह धार्मिक आयोजन रखा गया है। देश की सुरक्षा, देश का विकास मोदी है तो मुमकिन है की है गगन भेदी नारे भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाए। जामगांव आर भाजपा मण्डल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि देश की सुरक्षा देश की विकास के लिए देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी ने अपना जीवन समर्पित कर पूर्ण त्याग तपस्या मय जीवन अंगीकार किया है। पूरे विश्व में ऐसा कोई नेता नहीं जो नरेंद्र मोदी जितना समय अपने देश की विकास के लिए देता हो, 24 घंटे में 18 घंटा निस्वार्थ देश की सेवा बिना अवकाश लिए करने वाले नरेंद्र मोदी 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानकर मुखिया की भूमिका अदभुत ढंग से करते है। असाधारण व्यक्तित्व के अद्वितीय प्रधानमंत्री है नरेंद्र मोदी जो सर्वाधिक अवधि पद पर निरंतर सेवा देने का रिकॉर्ड बना रहे है।यह भारत के मजबूत लोकतंत्र की महत्ता में चार चांद लगा रही है। ऐसे महामानव का जीवन दीर्घायु और ऊर्जावान बनी रहे देश का हमारा सौभाग्य होगा। भगवान राम की पूजा अर्चना में मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, महामंत्री पुणेद्र सिंहा, जनपद सदस्य रामकुमार चन्द्राकर, भाजयुमो अध्यक्ष लुभम बंछोर, नरेश केला, नंदनी साहू, मेघनाथ सगरवंशी, अंगेश्वर साहू, मुकेश साहू, मनीष जैन, सीता राम साहू, कामता साहू, कोमल साहू, जिरोखन चन्द्राकर, उज्वल केला, पंडित मुरली मुरली वैष्णव, जागेश्वर साहू, शुभाष केला ने पूजा अर्चना किया।

■ प्रधानमंत्री के नेतृत्व और उपलब्धियों का किया उल्लेख



### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का स्वच्छता अभियान, देवरी में किया श्रमदान

**अण्डा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के 12 साल कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी ओटेबन्द मंडल के तत्वावधान में ग्राम देवरी (ख) में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कारगिल शहीद श्री दुर्वासा लाल निषाद जी के पुण्य स्थल, अटल स्मृति स्तंभ, गुरु घासीदास बाबा जी के जैतखाम स्थल, सामुदायिक बाजार शेड परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई। इसके साथ ही शहीद दुर्वासा लाल निषाद प्राथमिक शाला में भी बृहद स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी भूपेंद्र निषाद, ललित साहू एवं खिलेंद्र साहू रहे। **ये रहे उपस्थित** इस अवसर पर भाजपा ओटेबन्द मंडल के प्रभारी पवन सोनबरसा, मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल चंद्राकर, जनपद सदस्य एवं मंडल उपाध्यक्ष कौशल किशोर साहू, सेवा सहकारी समिति खप्पड़वाड़ा के प्राधिकृत धनेश चंद्राकर, मंडल महामंत्री हेमंत साहू, सरपंच प्रतिनिधि एवं ओबीसी मोर्चा कोषाध्यक्ष प्रमोद देशमुख, मंडल कार्यकारिणी सदस्य पुखराज निर्मलकर, अगेश यादव, शक्ति केंद्र संयोजक राहुल शर्मा, बूथ अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, पूनम साहू, लोमन साहू, उत्तम गायकवाड़ सहित भाजपा मंडल ओटेबन्द के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए ग्रामीणों से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छ भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। स्वच्छता अभियान में सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर श्रमदान किया।






# सिरसिदा में पेयजल संकट को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

ग्राम पंचायत सिरसिदा में पेयजल समस्याओं के निराकरण एवं जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। बुधवार को ग्राम पंचायत सिरसिदा की सरपंच सरस्वती चंद्राकर, उपसरपंच दामिनी चंद्राकर, सचिव मोतीलाल साहू एवं समस्त पंचगणों ने जिला कलेक्टर महोदया से सौजन्य भेंट कर ग्राम की विभिन्न पेयजल समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से ग्राम में जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने, पर्याप्त जल स्त्रोत उपलब्ध कराने तथा दो नए हैंडपंप स्वीकृत करने की मांग रखी। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि ग्राम के कई क्षेत्रों में पेयजल की समस्या बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के लिए पानी जुटाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने मांग की कि ग्रामीणों को नियमित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम जल्द उठाए जाएं। कलेक्टर महोदया ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन द्वारा शीघ्र सकारात्मक पहल करते हुए ग्रामीणों की पेयजल समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक संपन्न, दिवंगत सदस्यों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पेशनधारी कल्याण संघ का मासिक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक के मुख्य अतिथि राम सोनी थे।

विशश अतिथि में सुरेन्द्र ताम्रकर एवं पुष्पा कलिहारी थे। बैठक की शुरूवात मां सरस्वती की पूजा अचर्ना के साथ किया गया। अध्यक्ष डॉ आरएम चावड़ा ने प्रांत स्तर पर हो रहे गतिविधियो की जानकारी प्रदान की। विशेष अतिथि ताम्रकर ने संघ के द्वारा पेशनरो के विभिन्न समस्याओ के निराकरण की जानकारी तथा इसी प्रकार संघ में एकजुटता एवं संगठित रहने के लिए बताया। कार्यक्रम का संचालन शेशनारायण दुबे ने किया। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत पेशनर स्व. केशव प्रसाद चन्द्राकर एवं स्व. भगत प्रसाद को श्रद्धांजली पेशनर साथियो द्वारा दी गई। उक्त बैठक में गंगा राम साहू, फूल बाई, आरके साहू, केएल कौशिक, सीआ साहू, मोहन लाल साहू, बीआ साहू उपस्थित थे।




# गुलशन साहू के जन्मदिन पर स्वास्थ्य शिविर रक्तदान और कवि सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जनपद पंचायत कृषि विभाग सभापति एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गुलशन कुमार साहू का 10 जून बुधवार को जन्मदिन के अवसर पर गुण्डरदेही के सामुदायिक भवन मे विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

जिसमें निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवाई वितरण, रक्तदान जिसमें 50 यूनिट दान किया गया। साथ में अंचल के कवियों द्वारा शुभकामना के साथ परोपकारी कार्य करने, पौधारोपण, स्वच्छता एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण की कविता पढ़ी गई। कवियों को अंग वस्त्र के साथ श्रीमद् भागवत गीता का सम्मान भेंट किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर अनेक समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित हुए। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व विधायक राजेंद्र राय, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर के साथ समस्त जनपद सदस्य एवं युवा मोर्चा की टीम व जनपद क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ता बडी संख्या मे उपस्थित हुए।

कवियों में शिव कुमार अंगारे केशव राम साहू, गजपति राम साहू, रमेश यादव, माखनलाल साहू, डिगेंद्र साहू, योगेश छत्तीसगढ़िया, गुमान साहू, विजय कुमार टंडन, प्रवीण सोनी उपस्थित रहे।

■ 50 यूनिट रक्तदान कर युवाओं ने दिया मानव सेवा का संदेश






## जल, जंगल और जमीन की रक्षा के संघर्ष को किया याद

# भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर आदिवासी कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लॉक आदिवासी कांग्रेस गुरूर के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने बहुत कम आयु में अंग्रेजी शासन और शोषण के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल फूंका, उन्होंने जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए आदीवासी समाज को संगठित किया तथा अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा दी उनका नारा था कि हमारा राज स्थापित हो।

विदेशी शासन समाप्त हो उन्होने कहा आज भी हमें संघर्ष और स्वाभिमान की प्रेरणा देता है, आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पाल सिंह भूआर्य ने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक व्यक्ति नहीं थे बल्कि आदिवासी अस्मिता, संस्कृति और अधिकारी के प्रतीक थे, उन्होंने समाज को शिक्षा एकता और आत्मसम्मान का संदेश दिया उनका जीवन हमें सिखाता है कि अपने अधिकार और पहचान की रक्षा के लिए साहस और संगठन आवश्यक है। उनकी पुण्यतिथि पर संकल्प ले कि उनकी विचारधारा आदिवासी संस्—ति परम्परा और सामाजिक न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाएंगे था समाज के कमजोर और वंचित वगएँ के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

ये रहे उपस्थित। इस अवसर पर प्रमुख रूप जिला उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू, ब्लॉक महामंत्री सुमीत राजपूत, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, पूर्व जनपद सदस्य रामेश्वर धुरव, विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार महमल्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गुराम सिन्हा, सेक्टर प्रभारी गुलेंद्र कतलाम, भोज चंद्रवशी, पूर्व पार्षद गजेन्द्र मंडावी, जनपद प्रतिनिधि भोज चंद्रवशी हेमलाल ठाकुर, टाकेश्वर मंडावी, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनू ठाकुर, अरुण नेताम, नोमेश दुग्गा, महेंद्र कुमार उपस्थित थे।

■ आदिवासी अस्मिता और अधिकारों के प्रतीक थे बिरसा मुंडा



### जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर 14 को

**धमतरी।** रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धमतरी व इंडियान रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा धमतरी द्वारा रविवार को जिला अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। रेडक्रास सोसायटी ने लोगों से रक्तदान करने व अपने परिवारजनों तथा साथियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की अपील की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज